गुरुगृह गयउ पढन रघुराइ। अलपकाल विद्या सब आई।।
जाकी सहज स्वास श्रुति चारि। सो हरि पढ यह कौतुक भारि।।

(मानस आचार्य | राम कथा 917- गांधीनगर, गुजरात | मोरारी बापू)





दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 305 | इंदौर, सोमवार 15 मई, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए




# विदेश में सप्लाई हो रहे चोरी, लूट के मोबाइल

## देश के बाहर आइएमइआइ ट्रेस करना संभव नहीं...

DGR विशेष @ पुष्पेन्द्र पुष्प

इंदौर। आज में हर कोई किसी न किसी रूप में मोबाइल का उपयोग कर रहा है और हर किसी का शौक होता है कि वह सभी सुविधाओं वाला महंगे-महंगा मोबाइल उपयोग करें। जिस तेजी से मोबाइल का उपयोग हो रहा है उसी तेजी से मोबाइल चोरी व लूट की वारदातें भी बढ़ी हैं और चोर, लुटेरे पुलिस के लिए सिरदर्द बनते जा रहे हैं। हालांकि पुलिस ने चोरी के मोबाइल की शिकायत अब सिटीजन कॉप पर लेना शुरू कर दी है और अब तक हजारों पीड़ितों को उनके चोरी हुए मोबाइल इस एप के जरिए मिल भी चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी शहर में प्रतिदिन मोबाइल चोरी और लूट के मामले सामने आ रहे हैं।

हाल ही में पुलिस ने चोरी के मोबाइल खरीदी, बिक्री के मामले में एक आरोपी को गिरफ्त में लेकर उससे सख्ती से पूछताछ की तो चौंकाने वाले खुलासा हुआ। आरोपी ने जो जानकारी दी उसे सुनकर पुलिस भी हैरत में पड़ गई। दरअसल आरोपी ने खुलासा किया कि चोरी व लूट के मोबाइल विदेशों में सप्लाई होते हैं। वह खुद ही इंदौर से अब तक हजारों मोबाइल विदेश में बेच चुका है। एक बार देश से बाहर हो जाने के बाद उस मोबाइल का पता लगाना आसान नहीं होता, क्योंकि विदेश में आईएमइआई नंबर ट्रेस करना संभव नहीं है। इसके साथ ही आरोपी ने यह भी खुलासा किया कि शहर के अनेक व्यापारी देशभर के मोबाइल चोर और लुटेरों के संपर्क में हैं। इनसे सस्ते दामों में मोबाइल खरीदकर वह विदेश में सप्लाई कर देते हैं।

### ● पार्सल बनाकर पहुंचाते हैं

विजय नगर पुलिस ने गत दिनों चोरी के मोबाइल खरीदने, बेचने के मामले में जितेंद्र उर्फ जानी उर्फ जैक वासवानी को गिरफ्त में लिया। उससे पूछताछ में पता चला कि उसकी जेल रोड़ पर दुकान थी। उस वक्त स्थानीय बदमाशों से चोरी के फोन खरीदता था। धीरे-धीरे नागपुर, मुंबई, ठाणे, पुणे के अपराधियों के संपर्क में आ गया। लूट और चोरी के फोन खरीदने लगा। दुबई-नेपाल और बैंकाक जाने वालों को पार्सल बनाकर देने लगा।

### ● नेपाल बड़ा मार्केट

विजय नगर टीआइ रवींद्र गुर्जर के मुताबिक आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ कि नेपाल बड़ा मार्केट है। यहां चोरी के फोन आसानी से बिक जाते है। वह पार्सल बनाकर लक्जरी बसों में रखवा देता था। लखनऊ और गोरखपुर होते हुए नेपाल भिजवा देता था। टीआइ के मुताबिक नेपाल में ज्यादा मांग थी। वह आर्डर लेकर फोन भिजवाता था। गिरफ्तारी के कुछ दिनों पूर्व ही 300 फोन नेपाल भेजे थे। एक साल में करीब पांच हजार फोन बेच चुका है। पुलिस को नेपाल के खरीददारों की जानकारी मिली है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इंटरपोल और आइबी से सूचना साझा की जाएगी।

### ● मिलती है अच्छी कीमत

टीआइ गुर्जर के मुताबिक, पुलिस आइएमइआइ के जरिए फोन को ट्रेस कर लेती है।लेकिन विदेश (इंटरनेशनल) में आइएमइआइ ट्रेस करना संभव नहीं होता, इसलिए जैक ने नया नेटवर्क तैयार किया था। उसने यह भी बताया कि चोरी के फोन की अच्छी कीमत मिल जाती थी। दुकानदार उसके पाट्र्स निकाल लेते हैं और बाद में अलग-अलग मोबाइल में इनका उपयोग किया जाता है।

### ● पहले भी सामने आ चुके हैं मामले

पहले भी चोरी के मोबाइल-खरीदने बेचने के मामले सामने आ चुके हैं। जेल रोड के कुछ इलाकों को चोरी के मोबाइल खरीदने-बेचने का गढ़ माना जाता है। पूर्व में पुलिस इस तरह का अवैध व्यापार करने वाले कुछ व्यापारियों पर कार्रवाई भी कर चुकी है।



### ● बदल देते हैं आइएमइआइ नंबर

चोरी, लूट के मोबाइल का आइएमइआइ नंबर कुछ शातिर अपराधी किस्म के व्यापारी या मैकेनिक बदल देते हैं और उसकी नई बॉडी कवर लगाकर बाजार मूल्य से कम किमत बेच देते हैं। पूर्व में इस तरह के काम करने वालों पर कार्रवाई के बाद अब नया तरीका निकालते हुए या तो मोबाइल के पाट्र्स निकाल लिए जाते हैं या फिर इन्हें देश के बाहर बेचा जाता है। जैक से पूछताछ के बाद पुलिस अब पूरे नेटवर्क की लिंक तलाश रही है, जिससे बड़ा खुलासा होने की उम्मीद है।

### ● सिटीजन कॉप पर दर्ज होती शिकायत

मोबाइल की बढ़ती चोरी, लूट और गुम होने के मामले लगातार सामने आने के बाद पुलिस सिटीजन कॉप एप पर इनकी शिकायतें दर्ज करने लगी है। इस एप में शिकायत दर्ज करने करने के बाद पुलिस मोबाइल के आइएमइआइ नंबर के जरिए मोबाइल ट्रेस करती है। अब तक हजारों लोगों को इस एप पर शिकायत करने के बाद गुम व चोरी हुए मोबाइल पुलिस लौटा भी चुकी है।

### ● कमिश्नर की सख्ती के बाद दर्ज हो रहे केस

अक्सर देखा गया है कि पुलिस लूट के मामलों में प्रकरण दर्ज करने से पुलिस बचती है और चोरी के मामले दर्ज करती है। ऐसा अधिकांश मोबाइल लूट के मामलों में होता है, लेकिन नवागत पुलिस कमिश्नर मकरंद देउस्कर ने सख्ती करते हुए लूट के मामले दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद थानों पर अब फरियादियों की शिकायत पर घटना को देखते हुए लूट के प्रकरण दर्ज होने लगे हैं।

### ● लगातार कार्रवाई फिर भी वारदातें

मोबाइल, चेन-मंगलसूत्र और पर्स लूटने, छिनने वाले बदमाशों को ट्रेस कर पुलिस उन पर लगातार कार्रवाई करते हुए जेल की सलाखों के पीछे भेज रही है, बावजूद इसके शहर में लूट की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही है। बीते एक सप्ताह में ही आरोपियों आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर वारदातों को अंजाम दिया।

# चुनावी साल में 'कांग्रेस' पर चढ़ा भगवा रंग

● भाजपा की तर्ज पर हार्ड हिंदुत्व कार्ड के जरिए मैदान पकड़ने की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्यप्रदेश में छह माह बाद विधानसभा चुनाव होना है। चुनावी मैदान में भाजपा-कांग्रेस तेजी से मोर्चा संभालने में जुट गए हैं। कर्नाटक चुनाव परिणाम ने कांग्रेस में जोश भर दिया है। चुनावी तैयारियों में जुटी कांग्रेस ने भाजपा के कोर हिंदुत्व वाले एजेंडे पर भी पकड़ बनाना शुरू कर दिया है। पार्टी इसी मुद्दे के साथ चुनावी मैदान में उतर चुकी है।**

राजनीति के जानकार कांग्रेस के इस बदले हुए सेक्युलर चेहरे को देखकर हैरान हैं। हालांकि वे सवाल भी उठा रहे हैं कि पार्टी हिंदुत्व-सेक्युलर चेहरे को बैलेंस कैसे करेगी ये भी देखने वाली बात होगी। बहरहाल शनिवार को मप्र कांग्रेस मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ युवा इकाई की द्वारा धर्म रक्षा यात्रा निकालना राजनीतिक पंडितों में चर्चा का विषय है।

सवाल उठ रहे हैं कि पार्टी अपनी छवि बदलने पर मजबूर तो नहीं हो रही? हिंदुत्व के मुद्दे पर बैकफुट पर रहने वाली कांग्रेस इसे ही ब्रह्मास्त्र की तरह इस्तेमाल कर प्रदेश की सत्ता में वापसी के सपने तो नहीं बुन रही? क्योंकि कांग्रेसी गले में भगवा गमछा, हाथों में भगवा ध्वज लेकर खुलकर ह्नराम-रामह्न बोलने लगे हैं।

पार्टी ने अपनी इस छवि को तैयार करने के लिए पिछले साल जुलाई-अगस्त में ही प्लेटफॉर्म तैयार कर लिया था। मध्यप्रदेश कांग्रेस ने मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ का गठन किया। अब चुनाव के लगभग 6 महीने पहले इस प्रकोष्ठ ने सक्रियता दिखाना शुरू कर दिया है। 13 मई को इंदौर में प्रकोष्ठ के बैनर तले खजराना गणेश मंदिर से बिजासन माता मंदिर तक निकाली गई धर्म रक्षा यात्रा इसी चुनावी रणनीति का हिस्सा है।

यात्रा में कार्यकताओं से लेकर पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा तक के गले में भगवा गमछा डला था। हाथों में भगवा ध्वज था। तेज आवाज में भगवान श्री राम के भजन डीजे पर बज रहे थे। जय सियाराम के नारे कांग्रेसी लगा रहे थे। यह बात और है कि इससे पहले कभी कांग्रेस खुलकर हिंदुत्व के रंग में रंगी नजर नहीं आई।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा में जय सियाराम का नारा दे चुके हैं और उन्हीं के नक्शे कदम पर पार्टी के कार्यकर्ता इसका अनुसरण शुरू कर दिया है। कर्नाटक में बजरंग दल को बैन करने की कांग्रेस की घोषणा और फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जय बजरंगबली कहकर चुनावी सभा को संबोधित करना भी कांग्रेस के लिए ही फायदेमंद रहा। इससे भी कांग्रेसी उत्साहित नजर आ रहे हैं।

अब विधानसभा चुनावों तक मध्यप्रदेश के अलग-अलग शहरों में इसी तरह धर्म रक्षा यात्राएं निकाली जाएंगी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कांग्रेस लोगों के बीच में खुद को धर्म और हिंदुत्व का रक्षक बताने की भी कोशिश करेगी। जैसा अब तक भाजपा करती आई है।

# चोरी की शंका में किशोरी को बंधक बनाकर पीटा

### बाल काटे, मुंह पर लगाई शू पॉलिश, डॉगी के पास छोड़ दिया, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लसूड़िया में रहने वाली एक 13 साल की लड़की की पिटाई करने के मामले में पुलिस ने मकान मालिक की पत्नी पर केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक महिला ने बच्ची को चोरी के शक में पीट दिया। पिटाई की घटना 1 मई की है। लेकिन पुलिस ने शनिवार रात को नाबालिग की शिकायत पर बंधक बनाकर मारपीट करने के मामले में केस दर्ज किया है। आरोपी महिला फिलहाल नागालैंड गई हुई है। वहां से आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

नाबालिग की मां ने शनिवार रात को पुलिस से शिकायत की कि आरोपी महिला का नाम तर्पणा गांगुली उर्फ आंटी है। वह स्कीम नंबर 136 के मकान नंबर 510 में रहती है। मां ने पुलिस को बताया कि आरोपी तर्पणा गांगुली 1 मई को हमारे घर स्कूटर से आई। वह मेरी बेटी को घर में काम करने और बेटी जैसा रखने का कहकर ले गई थी।

तर्पणा ने वहां जाकर मेरी बेटी को पीट दिया। उसके सिर के बाल काट दिए। कपड़े भी उतार दिए। मुंह पर जूते की काली पॉलिश पोत दी। और वीडियो बनाने लगी। कुछ देर बाद नाबालिग को पालतू डॉगी के पास अकेले छोड़कर डराने लगी। वहां से भागकर नाबालिग घर पहुंची और मां को पूरा घटनाक्रम बताया।

नाबालिग ने मां से कहा कि आंटी के यहां कुछ दिन पहले सोने-चांदी के सामान चोरी हुए थे। आंटी मुझ पर शक कर ही है। मां ने तर्पणा को फोन लगाकर आपत्ति जताई और कहा कि हम थाने में रिपोर्ट करने जा रहे हैं। इसके बाद नाबालिग की मां उसे अपने साथ लेकर थाने पहुंची। लेकिन साथ-साथ तर्पणा भी थाने पहुंची। यहां तर्पणा ने भी नाबालिग पर चोरी का आरोप लगाया। पुलिस ने दोनों से आवेदन लेकर जांच की बात कही है। पुलिस के मुताबिक शिकायत के बाद तर्पणा अपने रिश्तेदार के यहां नागालैंड चली गई है। पुलिस के मुताबिक उसके इंदौर आने के बाद गिरफ्तारी की जाएगी। उसके घर पर शनिवार को पुलिसकर्मी भी गए थे। लेकिन वहां ताला लगा मिला।

# गरज-चमक के साथ आंधी के आसार

● अब बदलेगा मौसम, 16-17 मई को तेज हवा के साथ बारिश की आशंका, रविवार को पारा 40.8 डिग्री रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तेज गर्मी से परेशान लोगों को अब राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग ने मोचा तूफान के असर से प्रदेश में तेज हवा चलने और गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। इससे भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। विभाग के मुताबिक 16 और 17 मई से इंदौर सहित प्रदेश के कई संभागों में बारिश हो सकती है। इसके चलते रविवार को तापमान में आंशिक गिरावट दर्ज की गई।**

मई के शुरूआती दिनों से आसमान से सूरज आग उगल रहा था। लोग गर्मी से परेशान थे। गर्मी को लेकर रोज नए रिकॉर्ड बन रहे थे। इस बीच रविवार को दिन का तापमान लुढ़क कर 40.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इससे पहले शनिवार को दिन का तापमान 43 डिग्री तक पहुंचा था। हालांकि पिछले हफ्ते हल्का उतार-चढ़ाव देखने को मिला था। लेकिन दो-तीन दिन से तापमान में गिरावट नहीं दर्ज की गई थी।

मौसम विभाग के एक्सपर्ट एच.एस पांडे का कहना है कि पश्चिम मध्य प्रदेश इंदौर उज्जैन के साथ भोपाल संभाग में तापमान काफी बढ़ा है। पिछले 24 घंटे में धार, रतलाम खरगोन में लू चलने की स्थिति बनी हुई है। शनिवार के दिन खरगोन का तापमान 46 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यह अब तक का सबसे ज्यादा तापमान था।

बीते हफ्ते रतलाम और धार में 45 डिग्री भोपाल और इंदौर में 43 डिग्री अधिकतम टेंप्रेचर रिकॉर्ड किया गया। जो इस सीजन का सबसे ज्यादा है। पूर्वी क्षेत्र की बात करें तो यहां पर तापमान में थोड़ी गिरावट दिखी। ये स्थिति आने वाले दिनों में बनी रहेगी।

## पब के बाहर युवकों में विवाद, एक-दूसरे को मारी शराब की बोतलें

**इंदौर।** वीक एंड पर पुलिस की सख्ती दिखावा साबित हुई। शनिवार रात संभ्रांत परिवार के युवक खूब झगड़े। एबी रोड़ पर पब के बाहर एक-दूसरे पर हमला कर दिया। कारों में तोड़फोड़ की और राड व शराब की बोतल मारकर एक-दूसरे को लहूलुहान कर डाला। पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से एफआइआर दर्ज की है। घटना लसूड़िया थाना क्षेत्र में स्ट्राइकर पब एंड क्लब के बाहर की है। नौलखा निवासी अभय पुत्र राधेश्याम ठाकुर ने मनीष रावत व उसके साथियों पर केस दर्ज करवाया है। अभय मार्केटिंग संबंधित काम करता है। रात करीब पौने 12 बजे दोस्त तुषार सिलावट के साथ वह मामा अशोक गंगारिया को लेने गया था। पार्किंग में खड़े थे तभी मनीष साथियों के साथ आया और विवाद करने लगा।

## सिरफिरे का आतंक, नाइट गश्त कर रहे रहवासी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** विजयनगर और लसूड़िया के बीच बनी एक कॉलोनी में बदमाश के आतंक से रहवासी परेशान हैं। वह सो रही महिलाओं और बच्चियों से गलत हरकत करके भाग जाता है। रहवासियों ने ऐसे ही एक संदिग्ध युवक को भागते हुए सीसीटीवी में देखा है। रहवासी महिलाओं का दावा है कि युवक वही बदमाश है। इसकी हाइट करीब 6 फीट है और उसके सिर पर बाल नहीं हैं। रहवासियों ने शनिवार को सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंप दिए हैं। पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है। रहवासी महिलाओं ने पुलिस से कहा कि बदमाश दीवार फांदकर घर में घुस जाता है। गर्मी के दिनों में बरांडे में सो रही महिलाओं का गला दबाता है और अश्लील हरकत करता है। नींद में महिलाओं को कुछ समझ आए इसके पहले ही वह भाग जाता है। शनिवार रात में पुलिस मौके पर पहुंची। इसके साथ ही रहवासियों ने भी अपने स्तर पर रात्रि गश्त शुरू कर दी है। मामला स्कीम नंबर 78 का है। यहां पिछले एक सप्ताह से कॉलोनी और आसपास के लोगों के बीच इस बदमाश को लेकर दहशत का माहौल है। बताया जाता कि रात के अंधेरे में निकलने वाला आरोपी घरों के अंदर कूदकर महिलाओं और सोते हुए बच्चियों को अपना निशाना बना रहा है। पहले लोग इसे अफवाह के तौर पर समझ रहे थे। लेकिन इलाके के रहवासियों ने फुटेज निकाले तो मामला सही निकला।

## बेटी की सहेली ने 2 लाख ठगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खजराना इलाके से 2 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। बैंक से रिटायर्ड अफसर को उनकी बेटी की सहेली ने ठग लिया। आरोपी युवती ने ऑनलाइन बिजनेस में प्रॉफिट बताकर धोखा दिया है। शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। युवती उत्तर प्रदेश की निवासी बताई जा रही है। खजराना थाना प्रभारी दिनेश वर्मा ने बताया की विनय कुमार ओबेरॉय (72) सांई कृपा कॉलोनी के साथ 2 लाख की धोखाधड़ी की गई। शिकायत पर बेटी की सहेली नीलम अहिरवार के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी युवती उत्तर प्रदेश के गोमती नगर एक्सटेंशन की रहने वाली है। पुलिस के मुताबिक नीलम की दोस्ती विनय कुमार की बेटी से सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। दोनों के बीच जब बातचीत बढ़ी तो नीलम ने विवके की बेटी को ऑनलाइन दठएळ बिजनेस के बारे में बताया। युवती ने अपने पिता विनय कुमार से नीलम की बात कराई। नीलम ने दठएळ बिजनेस में ऑनलाइन पैसे लगा कर घर बैठे प्रॉफिट कमाने की बात कही। उसने बताया था कि इस बिजनेस में चेन सिस्टम (मल्टी लेवल मार्केटिंग) से काम होता है। पीड़ित ने युवती के झांसे में आकर विवेक ने पैसा इन्वेस्ट कर दिया। जब बिजनेस में प्रॉफिट नहीं हुआ तो नीलम से रुपए वापस मांगे। पहले तो उसने टालमटोल की। फिर फोन रिसीव करना बंद कर दिए।

# ब्लाइंड मर्डर में शिनाख्त करने मां का डीएनए टेस्ट

3 साल पहले प्रेमिका का मर्डर कर चैंबर में डाल दी थी लाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** परदेशीपुरा में हुए अंधे कत्ल के मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। हालांकि अभी कुलकर्णी भट्?टा के चैंबर में मिले युवती के शव का डीएनए टेस्ट नहीं हुआ है। इसके लिए गुमशुदा युवती की मां को सैंपल देने के लिए बुलाएगी। इसके लिए पुलिस ने तीन साल से चैंबर में मिले युवती के शव के पैर की हड्?डी संभाल रखी है। डीएनए रिपोर्ट आने के बाद पुलिस कोर्ट में इसी रिपोर्ट के आधार पर चालान डायरी पेश करेगी।

परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक श्याम नगर में रहने वाली अर्चना डाबर की 6 मई 2020 को हत्या की गई थी। पुलिस ने इस हत्याकांड में मृतका के प्रेमी विशाल प्रजापति निवासी कुलकर्णी भट्टा और उसके दोस्तों सत्य नारायण पुत्र सत्यम सोलंकी और शिव नंदन पुत्र जान राठौर निवासी काशीपुरी को आरोपी बनाया था। क्राइम ब्रांच ने 12 दिन पहले इस तीन साल पुराने हत्याकांड का खुलासा किया। इस मामले में पहले सत्यम और शिव नंदन को गिरफ्तार किया। बाद में विशाल को भी पुलिस ने पकड़ लिया। रिमांड के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया। इस मामले में अर्चना डाबर के शव की पहचान को लेकर डीएनए टेस्ट होना है।

### मां का लेंगे सैंपल

जानकारी के मुताबिक अर्चना के पिता नही है। मां पार्वती बाई और बहन ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। एक दिन बाद मां ने अपनी बेटी अनुष्का के साथ हीरानगर थाने आकर केस दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस मां पार्वती बाई के सैंपल टेस्ट के लिए लैब भेजेगी। जिसके लिए विभागीय लेटर लिखे जा चुके हैं। अभी पुलिस ने पार्वती बाई को सैंपल देने के लिए तलब नहीं किया है।

### पुलिस ने रखी पैर की हड्डी सुरक्षित

परदेशीपुरा पुलिस को 22 जनवरी 2021 को निजी कंपनी के सुपर वाइजर ने सूचना देकर बताया था कि निमार्णाधीन रोड़ पर सूखे चैंबर में शव मिला है। जिसमें सिर्फ हड्डियां ही बची है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जब्ती पंचनामा बनाया। पैर की हड्डी को सुरक्षित रख बाकी के अंगों का अंतिम संस्कार करा दिया गया था। इसी हड्?डी से डीएनए लेकर मां पार्वती बाई के डीएनए से उसे मैच किया जाएगा।

### यह था मामला

अर्चना डाबर और विशाल प्रजापति की दोस्ती थी। 6 मई 2020 को अर्चना ने छह से ज्यादा बार विशाल को कॉल किया। जिसके बाद विशाल ने उसे कुलकर्णी भट्?टे पर मिलने बुला लिया। यहां दोस्त सत्यम सोलंकी और शिव नंदन की मदद से उसका गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद आरोपी ने उसे घर से कुछ ही दूरी पर बने एक चैंबर में पटक कर उपर से नमक और मिट्?टी डाल दी। 22 जनवरी 2021 को पुलिस को वहां से सड़ा गला शव मिला था। क्राइम ब्रांच ने इस मामले में सत्यम और शिव नंदन को पकड़ा था। उन्होंने पूरी वारदात से पर्दा उठाया था। बताया जाता है विशाल और उसकी पत्नी कविता से अर्चना को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद पूरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया था।




सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर अपनी जरूरत बताकर उनसे अलग-अलग



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद

+91-91110 50101

www.detectivegroup.in

# मप्र में कांग्रेस ने चलाया जय बजरंगबली अभियान

## इंटरनेट मीडिया पर जारी किया वीडियो, भाजपा बोली- यह हिंदू आस्था का अपमान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात को लेकर भाजपा ने कांग्रेस के विरुद्ध भगवान बजरंगबली के अपमान का मुद्दा उठाया था। पूरे देश में प्रतिक्रिया भी हुई थी, लेकिन जो चुनाव परिणाम आए, उससे कांग्रेस को संजीवनी मिली है। इससे उत्साहित प्रदेश कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग ने इंटरनेट मीडिया (ट्विटर) पर सत्य की जीत नाम से वीडियो जारी कर कमल नाथ को हनुमान भक्त बताते हुए उनकी जीत सुनिश्चित करने की बात कही है। उधर, भाजपा ने इस पर आपत्ति करते हुए कांग्रेस पर हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है।

प्रदेश कांग्रेस ने रामायण पर आधारित एक धारावाहिक को आधार बनाकर 38 सेकंड के वीडियो तैयार कराकर उसे अपने अधिकृत ट्विटर हैंडर से प्रसारित किया। इसमें बजरंग बली को समुद्र तट पर भगवान श्रीराम के पास आकर यह कहते हुए दिखाया गया है कि प्रभु आपके आर्शीवाद से कर्नाटक में सत्य की जीत हुई, अब क्या आज्ञा है। श्री राम उनसे कहते हैं कि अब मध्य प्रदेश की ओर प्रस्थान करो। तुम्हे भक्त कमल नाथ की विजय पताका लहरानी है।

गौरतलब है कि इसके पूर्व भी कांग्रेस कमल नाथ को हनुमान भक्त बताते हुए कुछ वीडियो प्रसारित कर चुकी है। वहीं, भाजपा के प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि बजरंग बली करोड़ों-करोड़ लोगों की आस्था के केंद्र हैं। कर्नाटक चुनाव में भी कांग्रेस ने उनके भक्तों को अपमानित करने का काम किया है। इनमें इतना साहस नहीं है कि किसी दूसरे मजहब के बारे में टिप्पणी कर पाएं। यह केवल हिंदू आस्था का अपमान है, बल्कि यह भी प्रकट करता है कि इनके लिए यह राजनीतिक खेल खेलने के साधन है। हमारी प्रतिबद्धता तमाम आस्थाओं और श्रद्धालुओं में रही है और रहेगी, लेकिन कांग्रेस ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि इनके लिए हिंदु आस्था केवल मजाक बनाने या अपमानित करने का विषय है।

# सुसाइड नोट में लिखा था दो एसआइ का नाम, जांच अटकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। महाराजपुरा इलाके में दुष्कर्म पीड़िता ने 20 दिन पहले सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली थी। सुसाइड नोट में उसने दुष्कर्म करने वाले आरोपित के अलावा दो एसआइ का भी नाम लिखा था। पुलिस महकमा 20 दिन से दोनों एसआइ को बचाने में लगा है। ट्रेनिंग के नाम पर जांच अटका दी गई है। जांच के बाद दोनों एसआइ पर कार्रवाई न होने से दुष्कर्म करने वाले आरोपित पर भी एफआइआर नहीं हो सकी है। वहीं, जिस एसआइ का नाम सुसाइड नोट में लिखा है, वह रविवार को ट्रेनिंग पर गया है। अब कार्रवाई के नाम पर अधिकारी कह रहे हैं कि संबंधित एसआइ ट्रेनिंग पर गया है।**

यहां बता दें, महाराजपुरा इलाके में रहने वाली महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। महिला से लाला परमार नाम के युवक ने दुष्कर्म किया था। उसने सुसाइड नोट में आरोपित के साथ थाटीपुर थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी एसआइ आनंद कुमार जाटव और महिला एसआइ पूनम तोमर का नाम लिखा था। सुसाइड नोट में लिखा था, दोनों एसआइ ने जांच में लापरवाही बरती और आरोपित की गिरफ्तारी नहीं की। इससे आरोपित को 20 अप्रैल को अग्रिम जमानत मिल गई थी। इससे पीड़िता डिप्रेशन में थी। इसी वजह से उसने आत्महत्या कर ली थी। सुसाइड नोट में दो एसआइ का नाम होने से अब यह जांच ठंडे बस्ते में डाल दी गई है। जांच के चलते दुष्कर्म आरोपित भी अभी बचा हुआ है।

### डीएसपी बोलीं एसआइ ट्रेनिंग में, थाना प्रभारी बोले- शाम को ही निकला

मामले की जांच एसएसपी राजेश सिंह चंदेल ने डीएसपी हिना खान को सौंपी है। डीएसपी खान से नईदुनिया रिपोर्टर ने बात की तो उन्होंने बताया- एसआइ आनंद कुमार जाटव अभी ट्रेनिंग में है। इसलिए बयान नहीं हो सके। बयान न होने से जांच अटकी हुई है। इस संबंध में मुरार थाने के टीआइ संजीव नयन शर्मा से बात की तो वह बोले- रविवार को ही एसआइ आनंद ट्रेनिंग के लिए जयपुर रवाना हुए हैं। यह घटना 25 अप्रैल की है। इस घटना को 20 दिन हो चुके हैं।अभी तक बयान ही नहीं हो सके। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है, पुलिस अधिकारी इस मामले को लेकर कितने गंभीर हैं।

## बस दुर्घटना में 13 से अधिक यात्री घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा**। रविवार को सिंगोट और मोरधड़ के बीच पलटी बस में घायल यात्रियों ने कुछ इस तरह से आंखों देखा हाल बताया। रविवार को शाम करीब 5:30 बजे यह हादसा हुआ। इस दुर्घटना में 13 यात्री घायल हो गए। खंडवा बस स्टैंड से शाम करीब 4:30 बजे राजपाल बस क्रमांक एमपी 12-एफए-0117 मोरधड़ी के लिए निकली थी। बस सिंगोट पहुंचने तक पूरी तरह से ओवर लोड हो गई थी। 15 से अधिक यात्री खड़े होकर यात्रा कर रहे थे। वहीं ड्रायवर केबिन में भी बोनट और उसके आसपास की सीट पर यात्री बैठे हुए थे। प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि ड्रायवर बस को तेज गति से दौड़ा रहा था। मैं ड्रायवर के केबिन में उसके पीछे वाली सीट पर बैठा हुआ था। तभी ड्रायवर कहने लगा कि स्टेरिंग जाम हो गया यह तो मुड़ नहीं रहा। यह कहने के कुछ पल बाद ही बस सड़क से नीचे उतरकर खंती में पलट गई। सिंगोट और मोरधड़ के बीच अचानक बस के पलट जाने से चीख पुकार मच गई।

# प्रदेश में 6 हजार से अधिक लोगों को सेवानिवृत्ति के बाद भी नहीं मिला पेंशन का लाभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद शेष जीवन पेंशन के भरोसे जीने की आश होती है, लेकिन मध्य प्रदेश में ऐसे साढ़े छह हजार से अधिक प्रकरण लंबित है, जिनमें सेवानिवृत्त होने के बाद भी लोगों को पेंशन का लाभ नहीं मिला है। हालांकि यह आंकड़ा पिछले वर्ष की अपेक्षा काफी कम हो गया है। वर्ष 2022 में पेंशन के 39,273 प्रकरण लंबित थे। एक अप्रैल 2023 की स्थिति में प्रदेश में पेंशन के 6,527 प्रकरण लंबित है। इधर सरकार का दावा है कि निराकरण के बाद पेंशन प्रकरणों में एक साल में 50 प्रतिशत की कमी हुई है।

### 30 जून तक लंबित प्रकरणों के निराकरण का रखा लक्ष्य

राज्य सरकार का दावा है कि एक वर्ष में प्रकरणों का त्वरित निराकरण करते हुए लंबित पेंशन प्रकरणों की संख्या में 50 प्रतिशत कमी की गई हैं। 31 मार्च 2023 तक लंबित 4619 प्रकरण निराकरण योग्य तो है, लेकिन इनमें यह देखा जाएगा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के प्रकरणों में विभागीय जांच/ न्यायायलय प्रकरण आदि तो नहीं है। ऐसे प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण 30 जून 2023 तक करने का लक्ष्य रखा गया है। शेष 1267 प्रकरण लोकायुक्त / न्यायालय में लंबित है और 641 प्रकरणों की विभागीय जांच चल रही है।

### प्रकरणों की स्थिति एक नजर में

- अप्रैल 2022 की स्थिति में लंबित प्रकरण - 13 हजार 21
- अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक सेवानिवृत्त - 26 हजार 252
- मार्च 2023 की स्थिति में कुल लंबित पेंशन प्रकरण - 39 हजार 273
- अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक कुल निराकृत पेंशन प्रकरण- 32 हजार 746
- अप्रैल 2023 की स्थिति में लंबित पेंशन प्रकरण - 6 हजार 527

# विधानसभा चुनाव तक इकबाल सिंह बैंस ही रहेंगे मुख्य सचिव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **भोपाल**। मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस का कार्यकाल दूसरी बार बढ़ने की संभावना है। नवंबर में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव को देखते हुए सेवा अवधि छह माह बढ़ाने पर लगभग सभी स्तर पर सहमति है। अब केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजने की तैयारी है। यह 31 मई से पहले भेजा जाएगा, क्योंकि 31 मई को उनकी सेवावृद्धि की अवधि समाप्त हो रही है। बता दें कि नवंबर 2022 में बैंस की अर्धवार्षिकी आयु पूरी हो चुकी है। सेवानिवृत्ति के दिन ही उन्हें छह माह की सेवावृद्धि दी गई थी। उनके बैच 1985 के सभी अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि जिस तरह से सरकार की योजनाओं को मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस क्रियान्वित करा रहे हैं, उससे उन्हें छह माह की सेवावृद्धि दिए जाने की पूरी संभावना है। मुख्यमंत्री के साथ उनका तालमेल भी अच्छा है। पिछले माह कुछ कलेक्टरों के स्थानांतरण किए गए तो उसमें मुख्य सचिव की पसंद को महत्व दिया गया। बैंस को सेवा वृद्धि देने से पहले केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ 1989 बैच के अधिकारी अनुराग जैन को मुख्य सचिव पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा था पर केंद्र सरकार उन्हें छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। अब उन्हें केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में सचिव बनाया गया है और चुनावी वर्ष में सरकार कोई प्रयोग भी नहीं करना चाहती है। यही कारण है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य सचिव को छह माह की सेवा वृद्धि और दिलवा सकते हैं।

# समर स्पेशल भी नहीं दे पा रहीं यात्रियों को आरक्षित सीट, लंबी वेटिंग से बढ़ी परेशानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

जबलपुर। जबलपुर से रवाना होने वाली ट्रेनों से लेकर यहां से गुजरने वाली ट्रेनों में इन दिनों पैर रखने तक की जगह नहीं है। हालात यह है कि जबलपुर से लंबी दूरी की ट्रेनों में लंबी वेटिंग लगी है तो कई दूरी की ट्रेनों में और बुरा हाल बुरा है। जबलपुर से रायपुर के बीच एक ही ट्रेन है, लेकिन इसमें भी इस माह न तो स्लीपर में आरक्षित सीट है और न ही एसी कोच में।

### जबलपुर से सीधी-नियमित ट्रेन ही नहीं

जबलपुर से एलटीटी, पटना और प्रयागराज जाने के लिए यहां से रवाना होने वाली एक भी ट्रेन नहीं हैं। इन शहरों के लिए सभी ट्रेनें जबलपुर से होकर गुजरती हैं। इस वजह से इन ट्रेनों में आरक्षित सीट मिलना और मुश्किल हो जाता है। जबलपुर से एलटीटी के लिए एक मात्र ट्रेन गरीब रथ है, जो सप्ताह में तीन दिन चलती है, लेकिन इसमें वेटिंग 400 से अधिक रहती है। यही हाल पटना और प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों का है। मई माह में रेलवे ने समर स्पेशल ट्रेन को चलाया तो है, लेकिन इनमें सामान्य ट्रेनों की तुलना में 15 फीसदी ज्यादा किराया होता है और तय समय से 6 से 10 घंटे तक लेट चलती हैं। हालांकि इसके बाद भी इन ट्रेनों में भी आरक्षित सीट मिलना मुश्किल है।

जबलपुर से पटना, इलाहाबाद, हावड़ा, एलटीटी और अहमदाबाद जाने वाली ट्रेनों का भी हाल ऐसा ही है। रेलवे ने इन ट्रेनों में चल रही लंबी वेटिंग से राहत देने के लिए समर स्पेशल ट्रेन तो चलाई है, लेकिन इनमें भी अब वेटिंग लग गई है। हालांकि इन ट्रेनों में वेटिंग से ज्यादा इनकी लेटलतीफी ने यात्रियों को मुश्किल में डाल दिया है। हालात इतने बुरे हो गए हैं कि स्लीपर कोच के हाल जनरल कोच से भी ज्यादा बुरे हो गए हैं। हर साल रेलवे दावा करती है कि वह अधिक से अधिक यात्रियों को आरक्षित सीट उपलब्ध कराने समर स्पेशल ट्रेन चलाएगा, लेकिन यह दावा ट्रेन के कोच और उसमें लगी वेटिंग देखकर गलत साबित हो जाता है।

### रायपुर जाने-आने वाली ट्रेनें चार घंटे ले चल रहीं ट्रेनें

भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस- रात 9.10 पर आती है, आई रात 11 बजे। बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस- रात 9 बजे पर आती है, आई रात दो बजे। इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस- सुबह 3.48 पर आती है, आई सुबह पांच बजे।

### ● रेलवे ने चलाई समर स्पेशल

- ट्रेन 01751/01752 रीवा-पनवेल-रीवा के मध्य साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 27 जून तक ।
- ट्रेन 01431/01432 पुणे-गोरखपुर-पुणे के मध्य साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 17 जून तक ।
- ट्रेन 01101/01102 एलटीटी-बनारस-एलटीटी के मध्य समर 7 जून तक ।
- ट्रेन 01043/01044 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल 9 जून तक ।

MORARI BAPU



उपनिषद कहता है - युवा स्यात् साधु युवाध्यायकः। साधु युवान होना चाहिए। उम्र कितनी भी हो जाए टीचर की, अध्यापक की, लेकिन विचारो से युवान होना चाहिए। साधु किसी भी अखाड़े का हो, संप्रदाय का हो, मार्ग का हो - लेकिन विचारों में युवान होना चाहिए।

सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## व्यक्तित्व विशेष

### ● टी. एन. शेषन



( जन्म- 15 मई, 1933, केरल)

टी. एन. शेषन का पूरा नाम 'तिरुनेल्लै नारायण अय्यर शेषन' है। वे भारत के दसवें 'मुख्य चुनाव आयुक्त' रहे हैं। शेषन ने अपनी गम्भीरता, निष्पक्षता और सख्ती से भारत में होने वाले चुनावों को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने में मुख्य योगदान दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में उनका कार्यकाल 12 दिसम्बर, 1990 से 11 दिसम्बर, 1996 तक रहा। उनके कार्यकाल में स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिये नियमों का कड़ाई से पालन किया गया, जिसके कारण तत्कालीन केन्द्रीय सरकार एवं कई नेताओं के साथ उनका विवाद भी हुआ, किंतु वे अपने कार्य में पूरे मन से तल्लीन रहे और अपनी ज़िम्मेदारियों को सफलतापूर्वक निभाया। शेषन अपने कार्यकाल में सर्वाधिक चर्चित व्यक्ति रहे।

## संपादकीय

### बढ़ सकता है टकराव

पाकिस्तान में इन दिनों सियासत गर्म है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद कई जगहों पर हिंसक प्रदर्शन हुए। हालांकि हाई कोर्ट ने इमरान को दो हफ्ते की जमानत दे दी। लेकिन अभी भी वहां स्थिति नियंत्रण में नहीं है। माना जा रहा है कि आने वाले वक्त में टकराव बढ़ सकता है। इस्लामाबाद हाई कोर्ट से दो हफ्ते की जमानत और 17 मई तक गिरफ्तारी से सुरक्षा पाकर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने भले ही थोड़े समय के लिए राहत की सांस ली हो, लेकिन इस पूरे प्रकरण ने पाकिस्तान में जिस तरह के हालात पैदा कर दिए हैं, उनसे उसका तुरंत निकलना मुश्किल दिख रहा है। बेशक, पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल दखल देकर हालात को संभालने की एक कोशिश की। गुरुवार को उसने हाईकोर्ट परिसर से हुई इमरान खान की गिरफ्तारी को अवैध घोषित कर दिया। अगले दिन उन्हें इस्लामाबाद हाई कोर्ट से बेल मिल गई। लेकिन इस दौरान आ रही खबरें बताती रहीं कि हालात किस कदर विस्फोटक बने हुए हैं। सरकार में शामिल पीएमएल (एन) की सीनियर वाइस प्रेजिडेंट और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम शरीफ ने न सिर्फ सुप्रीम कोर्ट के फैसले को गलत और खतरनाक बताया बल्कि फैसला देने वाले चीफ जस्टिस पर सीधा कॉमेंट करते हुए कहा कि बेहतर होगा वह अपने पद से इस्तीफा देकर इमरान खान की पार्टी में शामिल हो जाएं। इससे स्पष्ट है कि पाकिस्तान की मौजूदा सरकार इमरान को किसी भी तरह की रियायत देने के मूड में नहीं है। वहां की सेना भी यही चाहती है। मगर देश के आम लोगों के बीच इमरान खान की लोकप्रियता बनी हुई है। इसी वजह से उनकी गिरफ्तारी के बाद देश के कई इलाकों में प्रदर्शन हुए, जो बेकाबू भी हो गए। ऐसे माहौल में जो संभावनाएं उभरती हैं, वे डराने वाली हैं। चूंकि तीनों में से कोई भी पक्ष झुकने के लिए तैयार नहीं है, इसलिए टकराव बढ़ने की आशंका है। न्यायपालिका के दोफाड़ होने की बात पहले से कही जा रही है।

### अर्ज़ किया है..!

*अदब इतनी कि*
*क़दमों में पड़े हैं...*
*अना इतनी कि*
*लंका ख़ाक कर दें...*

-शाद सिद्दीकी

## सैर-सपाटा

# स्ट्रेस और थकान दूर करने के लिए बेस्ट हैं ये जगह

## बॉडी और माइंड को मिलेगा रिलैक्स



**भागदौड़ भरी जिंदगी से दूर हर कोई घूमने फिरने की प्लानिंग करता है। घूमने फिरने के लिए भी लोग एक ऐसी जगह की तलाश करते हैं। जहां वह कुछ समय शांति से बिता सके और अपनी बॉडी और माइंड को पूरी तरह से आराम दे सकें। अगर आप भी किसी ऐसी जगह पर जाना चाहते हैं जहां आप सिर्फ रिलैक्स कर सकें तो यहां देखिए कुछ जगहों के नाम।**

### ● अलेप्पी, केरल

अल्लेप्पी केरल में एक बहुत पसंद किया जाने वाला शहर है। ये जगह बैकवाटर स्पॉट के लिए फेमस है। यहां कुछ लोग हनीमून पर जाना पसंद करते हैं। भागदौड़ भरी जिंदगी से छुटकारा पाने के लिए आप इस जगह पर जा सकते हैं और कुछ समय के लिए रिलैक्स कर सकते हैं। बैकवाटर का अनुभव वाकई आपके लिए शानदार होगा।

### ● ऋषिकेश, उत्तराखंड

भारत की सबसे शांत जगहों में से एक ऋषिकेश है, ये हिमालय की तलहटी में गंगा नदी के किनारे पर स्थित है। ऋषिकेश को भारत की योग राजधानी के रूप में जाना जाता है और यहां पर कई योग केंद्र और आश्रम हैं। इसके अलावा, ऋषिकेश में आपको पहाड़ी और नदी के खूबसूरत नजारे देखने मिलेंगा।

### ● गोकर्ण, कर्नाटक

साफ-सुथरी इस जगह पर आप शांति से समय बिता सकते हैं और कुछ देर के लिए आराम कर सकते हैं। गोवा जैसी जगह को छोड़कप लोग स समय गोकरण जाना पसंद कर रहे हैं। यह सोलो ट्रैवलर्स के लिए काफी फेमस डेस्टिनेशन है।

### ● ऑरोविले, पांडिचेरी

इस जगह को 1968 में एक वास्तुकार रोजर एंगर की मदद से मीरा अल्फासा ने बनाया था। यहां पर कोई भी अच्छी तरह से बनाए गए बगीचों में टहल सकता है। ऑरोविले को भारत के सबसे शांत पर्यटन स्थलों में से एक माना जाता है।

## Highlights

1. 2 inmates moved to Satyendar's cell as he says he's 'lonely', Tihar SP gets notice
2. Man breaks world record after living underwater for 74 days in US
3. We are also your daughters, need your support: Vinesh to BJP MPs
4. MeitY likely to lead proposed body to fact check govt news: Report
5. Infosys allots over 5.11 lakh shares to employees as stock option
6. Cash App Founder had affair with suspected killer's sister: Report

# Ex-ByteDance executive accuses company of 'lawlessness,' says it stole content from rivals

**NEW DEIHI, (Agency).** A former executive sued ByteDance, which owns TikTok, for wrongful termination and accused the company of lifting content from rivals and "supreme access" by the Chinese Communist Party, The New York Times reported.

A former executive at ByteDance, the Chinese company that owns TikTok, has accused the technology giant of a "culture of lawlessness," including stealing content from rival platforms Snapchat and Instagram in its early years, and called the company a "useful propaganda tool for the Chinese Communist Party," according to the daily newspaper.

The claims were part of a wrongful dismissal suit filed on Friday by Yintao Yu, who was the head of engineering for ByteDance's US operations from August 2017 to November 2018. The complaint, filed in San Francisco Superior Court, says Yu was fired because he raised concerns about a "worldwide scheme" to steal and profit from other companies' intellectual



property.

According to the NYT's report, among the most striking claims in Yu's lawsuit is that ByteDance's offices in Beijing had a special unit of Chinese Communist Party members sometimes referred to as the Committee, which monitored the company's apps, "guided how the company advanced core Communist values" and possessed a "death switch" that could turn off the Chinese apps entirely.

"The Committee maintained supreme access to all the company data, even data stored in the United States," the complaint said.

Yu's claims, which describe how ByteDance operated five years ago, are surfacing as TikTok faces intense national scrutiny over its relationship with its parent company and China's potential influence on the platform. The video app, which is used by more than 150 million Americans, has become hugely popular for memes and entertainment. But lawmakers and US officials are concerned that the app is passing sensitive information about Americans to Beijing.

In March, a congressional committee grilled TikTok's chief executive, Shou Chew, about the app's Chinese ownership. Christopher Wray, the director of the Federal Bureau of Investigation, recently said that TikTok "screams out with national security concerns." More than two dozen states have banned TikTok from government devices since November, NYT said.

# Suniel Shetty's food delivery app to high air fares: All in business this week

**NEW DEIHI, (Agency).** In the wake of the Go First airline crisis, Spicejet said in a statement that it has no plans whatsoever to file for insolvency. The airline said it is firmly focused on its business and remains in active talks with investors to raise funds.

In other business news, a study by an online job search portal found that there






has been a significant jump in the job opportunities in artificial intelligence (AI) roles in India. Over 158% surge on the platform in job postings related to this field has been recorded in India in last five years.

You would also want to know how your air travel for the summer vacations is going to be expensive. Passengers may need to shell out between 10-50% more in ticket fares as compared with last year.

This and more in our weekly wrap of the top business stories that made headlines:

## Maharashtra

# इंटरनेट बंद, यूनिवर्सिटी परीक्षाएं टलीं, अब तक 45 गिरफ्तार...अकोला में हिंसा के बाद तनाव जारी

**अकोला, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के अकोला में सोशल मीडिया पर किए गए एक आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर शनिवार को फैली हिंसा के मामले में अब तक 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. इतना ही नहीं इंटरनेट पर भी प्रतिबंध को बरकरार रखा गया है. अकोला में यूनिवर्सिटी की परीक्षाएं टाल दी गई हैं.



महाराष्ट्र के अकोला में शनिवार को इंस्टाग्राम पोस्ट को लेकर दो समुदायों में झड़प हो गई थी. इसके बाद जमकर पथराव हुआ था. उपद्रवियों ने इस दौरान कई गाड़ियां तोड़ दी थीं. हिंसा के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई थी. जबकि दो पुलिसकर्मी समेत 8 लोग जख्मी हुए थे. इसके बाद इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर धारा 144 लगा दी गई थी.

दरअसल, अकोला के पुराने शहर में इंस्टाग्राम पर एक धार्मिक पोस्ट की गई थी. इसके चलते कई लोग इकट्ठा होकर पुलिस थाने में पहुंचे और शिकायत दर्ज करवाई. पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया. इसी बीच पुलिस स्टेशन पहुंची भीड़ बेकाबू हो गई और गाड़ियों की तोड़फोड़ करनी शुरू कर दी. हिंसा में विलास गायकवाड़ की मौत हो गई थी. 40 साल के विलास इलेक्ट्रिशियन थे. पुलिस के मुताबिक, सोशल मीडिया पर किए गए एक आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर शिकायत करने थाने पहुंची भीड़ ने उग्र होकर तोड़फोड़ की थी. देखते ही देखते एक और समुदाय के लोग सामने आ गए, उन्होंने भी पथराव शुरू कर दिया था.

## Paschim Bangal

# एम्बुलेंस का किराया नहीं चुका पाया, पिता ने झोले में रखी बेटे की लाश और 200 KM किया सफर



**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. यहां एक पिता को अपने 5 महीने के बच्चे की लाश झोले में रखकर बस से 200 किलोमीटर तक सफर करना पड़ा. इस घटना के बाद अब सियासी बयानबाजी भी शुरू हो गई है. बीजेपी ने ममता बनर्जी सरकार की 'स्वास्थ्य साथी' योजना को कटघरे में खड़ा किया है तो वहीं टीएमसी ने इसे घटिया राजनीति करार दिया है.

बच्चे के पिता आशिम देबशर्मा ने रविवार को बताया कि शनिवार की रात सिलीगुड़ी के उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उनके 5 महीने के बच्चे की मौत हो गई. पिछले 6 दिनों से बच्चे का अस्पताल में इलाज चल रहा था. ट्रीटमेंट में 16 हजार रुपए खर्च हुए थे. रविवार को आशिम ने जब एम्बुलेंस ड्राइवर से बच्चे का शव कलियागंज में स्थित अपने घर तक ले जाने के लिए अनुरोध किया तो ड्राइवर ने उनसे 8 हजार रुपए की मांग की. आशिम ने दावा किया कि 102 योजना के तहत चलने वाली एंबुलेंस के ड्राइवर ने उन्हें बताया कि यह सुविधा मरीजों के लिए तो मुफ्त है, लेकिन लाशों को ले जाने का नियम नहीं है. आशिम देबशर्मा के पास एम्बुलेंस चालक को देने के लिए 8 हजार रुपए नहीं थे, इसलिए उन्होंने 5 महीने के बच्चे की लाश को सार्वजनिक बस से कलियागंज तक ले जाने का फैसला किया. देबशर्मा ने बच्चे की लाश एक झोले में रखी और उसे लेकर दार्जिलिंग जिले के सिलीगुड़ी से 200 किलोमीटर दूर उत्तर दिनाजपुर जिले के कलियागंज तक बस से सफर किया. उन्होंने बस में यात्रा कर रहे दूसरे यात्रियों को इसकी भनक तक नहीं लगने दी. आशिम को डर था कि अगर कहीं दूसरे यात्रियों को इस बात का पता चल गया तो वह उसे बस से उतार देंगे.

## Punjab

# पंजाब में बेअदबी पर फिर कत्ल, गुरुद्वारे के पास शराब पी रही महिला को मारीं गोलियां

**पटियाला, (एजेंसी)** पटियाला शहर के गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब में बेअदबी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, गुरुद्वारे में सरोवर के पास बैठकर शराब पी रही महिला की एक व्यक्ति ने गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना में गोली के छर्रे लगने से एक सेवादार घायल हो गया। घटना के बाद से इलाके में सनसनी है। पुलिस टीम ने सुरक्षा के मद्देनजर सुरक्षा कड़ी कर दी है।

जानकारी के अनुसार, मृत महिला की पहचान परमिंदर कौर के रूप में हुई है जो पटियाला की रहने वाली बताई जा रही है, जबकि घायल की पहचान सेवादार सागर मल्होत्रा के रूप में हुई है। घटना रविवार देर शाम गुरुद्वारा साहिब में सरोवर के पास घटी, जब उक्त महिला शराब पी रही थी।

जब सेवादार ने उसे रोका तो महिला ने बोतल तोड़ दी और उसके हाथ पर वार कर दिया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने पिस्टल निकाल कर महिला पर फायरिंग कर दी, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

## Chhattisgarh

# बलोदाबाजार में ट्रक और पिकअप गाड़ी में भीषण भिड़ंत, 6 लोगों की मौके पर ही मौत

**बलोदा बाजार, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक बच्चे और महिला समेत कुल छह लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, बलौदा बाजार जिले में सोमवार को ट्रक और पिकअप गाड़ी की जोरदार टक्कर में एक बच्चे और महिला समेत छह लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

बलौदा बाजार के एसएसपी दीपक झा ने बताया कि दो दर्जन से अधिक लोगों को ले जा रही पिकअप गाड़ी को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना पलारी पुलिस थाना क्षेत्र के तहत गोदा पुल के पास हुई। पुलिस मृतकों की शिनाख्त करने में जुटी है।

## खेल

# राजस्थान की सबसे बड़ी हार प्लेऑफ में पहुंचना मुश्किल, आरसीबी 112 रन से जीतकर टूर्नामेंट में बरकरार

**जयपुर, (एजेंसी) आईपीएल के 60वें मैच में राजस्थान रॉयल्स को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने उसे जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में रविवार (14 मई) को 112 रन से हरा दिया। आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। आरसीबी ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 171 रन बनाए। जवाब में राजस्थान की टीम 10.3 ओवर में 59 रन पर सिमट गई। आईपीएल इतिहास में उसकी यह सबसे बड़ी हार है।**



राजस्थान के लिए शिमरॉन हेटमायर और जो रूट को छोड़कर कोई भी दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। हेटमायर ने 19 गेंद पर 35 और जो रूट ने 15 गेंद पर 10 रन बनाए। राजस्थान के पांच बल्लेबाज खाता नहीं खोल पाए। इनमें यशस्वी जायसवाल, जोस बटलर, रविचंद्रन अश्विन, केएम आसिफ और संदीप शर्मा शामिल हैं। संजू सैमसन और देवदत्त पडिक्कल ने चार-चार रन बनाए। एडम जम्पा दो और ध्रुव जुरेल एक रन बनाकर पवेलियन लौटे।

मोहम्मद सिराज ने पहले ओवर में यशस्वी जायसवाल को आउट कर आरसीबी के खिलाड़ियों में जोश भर दिया। इसके बाद तो आरसीबी के सभी गेंदबाजों ने खतरनाक गेंदबाजी की। दक्षिण अफ्रीका के वेन पार्नेल ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए। माइकल ब्रैसवेल और कर्ण शर्मा को दो-दो सफलता मिली। सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

इससे पहले, आरसीबी के लिए कप्तान फाफ डुप्लेसिस के अलावा ग्लेन मैक्सवेल ने अर्धशतक लगाया। अनुज रावत ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाकर टीम को 170 रन के पार पहुंचाया। डुप्लेसिस ने 55 और मैक्सवेल ने 54 रन बनाए। अनुज रावत ने 11 गेंद पर नाबाद 29 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाए।

विराट कोहली 18 रन बनाए। उन्होंने 19 गेंदों का सामना किया। इस सीजन में कोहली ने छह अर्धशतक लगाए हैं, लेकिन राजस्थान के खिलाफ फेल हो गए। माइकल ब्रैसवेल नौ गेंद पर नौ रन बनाकर नाबाद रहे। दिनेश कार्तिक का खाता नहीं खुला और महिपाल लोमरोर एक रन ही बना सके। राजस्थान के लिए केएम आसिफ और एडम जम्पा ने दो-दो विकेट लिए। संदीप शर्मा को एक सफलता मिली।

इस हार के बाद पिछले साल फाइनल में पहुंचने वाली राजस्थान की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने के कगार पर पहुंच गई। वह छठे स्थान पर खिसक गई। उसके 13 मैच में छह जीत और सात हार के बाद 12 अंक हैं। राजस्थान का नेट रनरेट +0.140 है। उसे प्लेऑफ में पहुंचने के लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ 19 मई को अपने आखिरी लीग में बड़ी जीत हासिल करनी होगी। साथ ही अन्य टीमों के प्रदर्शन पर भी नजर रखनी होगी।

## सिनेमा

# अदा शर्मा और डायरेक्टर सुदीप्तो सेन का एक्सीडेंट



फिल्म 'द केरल स्टोरी' में लीड रोल प्ले कर चुकीं एक्ट्रेस अदा शर्मा रविवार को कथित तौर पर एक्सीडेंट का शिकार हो गईं। खबर है कि एक्ट्रेस को 14 मई मई को करीम नगर में हिंदू एकता यात्रा में शामिल होना था। सोशल मीडिया पर उनके एक्सीडेंट की खबर आग की तरह फैल गई ओर कुछ ही देर बाद एक्ट्रेस ने ट्वीट करके फैंस को बताया कि वह ठीक हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। अदा शर्मा ने अपने ट्वीट में लिखा, 'मैं ठीक हूं दोस्तों। हमारे एक्सीडेंट के बारे में वायरल हो रही खबर के बाद से मुझे बहुत सारे मैसेज आ रहे हैं।' अदा शर्मा ने अपने ट्वीट में लिखा, 'हमारी पूरी टीम, हम सभी पूरी तरह ठीक हैं, कोई फिक्र की बात नहीं है, कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है लेकिन आप सभी की फिक्र के लिए शुक्रिया।' बता दें कि अदा शर्मा को 'द केरल स्टोरी' को लेकर चल रहे विवाद के बाद जान के मारने की धमकियां भी मिली हैं। लव जिहाद और धर्मांतर जैसे मुद्दों पर बात करती यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है और इसे अब तक कई राज्यों में बैन किया जा चुका है। फिल्म को एक तरफ जहां कई राज्यों में बैन किया जा चुका है वहीं इसे भारतीय जनता पार्टी द्वारा काफी सराहा गया है। एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद अपने एक भाषण में फिल्म का जिक्र कर चुके हैं।

# डेढ़ साल के बच्चे की झुलसने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कनाडिया में रहने वाले डेढ़ साल के एक बच्चे की गर्म पानी से झुलसने से मौत हो गई। उसका पांच दिन से एमवाय अस्पताल की बर्न यूनिट में उपचार किया जा रहा था। रविवार देर रात उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पहले माता-पिता के बयान ले लिए थे। पुलिस के मुताबिक कोल्ड स्टोरेज में काम करने के कारण पिता को गर्म पानी से नहाना पड़ता है। इसी के लिए उसने चूल्हे के पास गर्म पानी रखा था, जिसमें बच्चा खेल रहा था।**

कनाडिया पुलिस के मुताबिक घटना बीते गुरुवार को बिचौली मर्दाना की है। पिता जसवंत ने नहाने के लिए पानी गर्म रखकर बाथरुम चले गए। मासूम की मां और भाई-बहन घर के बाहर खेल रहे थे। तभी डेढ़ साल का आयुष भूरिया खेलते-खेलते चूल्हे के पास तक आ गया। यहां वह गर्म पानी से खेलने लगा और पूरा गर्म पानी आयुष पर गिर गया।

पानी गिरते ही आयुष जोर से रोने लगा। तभी पिता जसवंत बाथरुम से निकले और मां बाहर से आई। तब तक आयुष काफी जल चुका था। घबराए माता-पिता उसे लेकर एमवाय अस्पताल पहुंचे। जसवंत ने बताया कि वह मूल रूप से चापड़ा के पास के रहने वाला है। यहां रहकर पत्नी सुनीता के साथ कोल्ड स्टोरेज में मजदूरी करता है। घटना के पहले सुबह कोल्ड स्टोरेज से ठंडी गाजर निकालकर बाहर भेजना थी। जसवंत ने गाजर निकाली और कोल्ड स्टोरेज की सफाई की। इसके बाद नहाने के लिए उसने पानी गर्म किया था।

### घर में तीन बच्चे, सभी बाहर खेल रहे थे

जसवंत के मुताबिक उनके तीन बड़े बच्चे और हैं। इसमें दो बेटी ओर एक बेटा है। सभी घटना के समय बाहर खेत में खेल रहे थे। पत्नी सुनीता भी बाहर काम कर रही थी। उसी दौरान बेटे आयुष की रोने की आवाज आई तो वह दौड़कर अंदर आई थी।

## निखिल हत्याकांड के दो फरार इनामी आरोपी पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। गत दिनों सुखलिया में हुए निखिल हत्याकांड में फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों की गिरफ्तारी पर दस-दस हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था।

क्राइम ब्रांच टीम को मुखबिर द्वारा सुचना प्राप्त हुई कि निखिल खलसे की हत्या में शामिल दो आरोपी विशु उफर् विशाल पाड़ा नि. क्षिप्रा एवं रोहित सिंह धनगर नि. हीरानगर जो घटना दिनांक से से ही फरार चल रहे थे दोनों आरोपियों को क्राइम ब्रांच व थाना हीरा नगर की टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा। दोनों ही आरोपियों विशाल पंवार व रोहित धनगर पर थाना हीरानगर, भवरकुआ में लूट, डकैती की योजना, अवैध हथियार, जबरन वसूली करना जैसे अपराध पहले से पंजीबद्ध है। आरोपियों पर उक्त अपराध घटित करने पर अपराध धारा 302,147,148 भादवि. का कायम किया गया था जिस पर विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही थाना हीरा नगर द्वारा की जा रही है।

## चौथी मंजिल से कूंदा कुक, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **सराफा इलाके में कोलकाता के एक कुक ने चौथी मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। रविवार रात को उसने पत्नी को दो बार कॉल किया था। पत्नी ने मोबाइल नहीं उठाया तो वह दौड़ता हुआ बालकनी की तरफ आया और छलांग लगा दी। सराफा पुलिस ने मामला जांच में लिया है।**

पुलिस के मुताबिक घटना रविवार रात करीब 11 बजे की है। यहां सांईनाथ बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर बंगाली कारीगरों के साथ रहने वाले मंशा उर्फ मंशापड़ा दास रजक ने चौथी मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। बंगाली कारीगर शानू ने बताया कि मंशा मूल रूप से कोलकाता का रहने वाला था। यहां करीब डेढ़ साल से बंगाली कारीगरों के लिए खाना बनाने का काम करता था। रात में उसने पत्नी से बात करने के लिए कॉल किया। लेकिन पत्नी ने मोबाइल रिसीव नही किया। जिसके बाद उसने मैसेज भी भेजे। लेकिन उसके बाद भी पत्नी ने मोबाइल नहीं उठाया। कुछ देर बाद वह दौड़ता हुआ बालकनी की तरफ गया और कूद गया।

दोस्तों ने बताया कि करीब एक माह से गांव में ही था। दो दिन पहले ही वह इंदौर आया था। उसके दो बेटे भी हैं। जो पत्नी और परिवार के साथ कोलकाता में रहते हैं। मंशा ने सामान्य बातचीत में दोस्तों को बताया था कि पत्नी भी इंदौर आकर रहना चाहती थी। लेकिन वह लेकर नहीं आया। जिससे वह गुस्सा थी। पुलिस के मुताबिक मंशा का मोबाइल भी टूट गया है। परिवार को जानकारी दी गई है। मामले में जांच की जा रही है।

## पिता ने की सात साल के बेटे की हत्या

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपने सात साल के बेटे की हत्या कर दी। बच्चे की दादी ने जब पोते का शव देखा तो घटना का पता चला। घटना लिंबोदी स्थित राम मंदिर के पीछे की है। शशिपाल मुंडे के 7 साल के बेटे प्रतीक का शव घर में ही उसकी दादी ने पड़ा देखा। इस पर आसपास के लोगों को बुलाया। वहीं पुलिस को सूचना दी गई। मामले की शुरूआती जांच में पता चला कि प्रतीक को उसके ही पिता ने ही गला घोटकर मारा है। फिलहाल मामले में पुलिस जांच कर रही है। यह पता नहीं चल सका है कि किन कारणों के चलते पिता ने अपने बेटे की हत्या की है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## हिंदू जागरण मंच ने किया थाने का घेराव

**● मारपीट के आरोपियों के अवैध निर्माण तोडऩे की मांग**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **महू में शनिवार रात मेले में दुकान लगाने की बात को लेकर हुए विवाद के दौरान रविवार दोपहर को हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में थाने का घेराव कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में थाने पर पुलिस फोर्स भी तैनात रहा।**

दरअसल रविवार रात श्याम विलास पर मेले में दुकान लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। विवाद के दौरान हिंदू जागरण मंच का एक कार्यकर्ता प्रीतेश सोलंकी और एक अन्य घायल हो गया था जिन्हें उपचार के दौरान इंदौर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विवाद के बाद मामले में पुलिस ने 3 लोगों की गिरफ्तारी कर ली है। घटना को देखते हुए रविवार दोपहर में बड़ी संख्या में हिंदू जागरण मंच ने कोतवाली थाने का घेराव कर दिया।

इस दौरान हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता आरोपियों के मकान तोडऩे की बात कहते नजर आए। इतना ही नहीं कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर जल्द ही उचित कार्रवाई नहीं की गई तो हिंदू समाज उग्र आंदोलन करेगा। मामले में ग्रामीण एसपी हितिका वासल का कहना है कि हम मामले की जांच कर रहे हैं। इसमें जो भी आरोपी हैं उन पर नियमानुसार उचित कानूनी कारवाई की जाएगी। आरोपियों के अवैध निर्माण तोडऩे की मांग पर जिला प्रशासन देखेगा।

## बुजुर्ग का शव मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पलासिया इलाके में रहने वाले बुजुर्ग का शव चंदन नगर थाना क्षेत्र के ग्राम सिंहासा में मिला। माना जा रहा है कि किसी वाहन की टक्कर से उनकी मौत हुई है। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।**

शव मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की पहचान दीपक गुप्ता (63 साल) निवासी मनोरमागंज के रूप में की गई है। पुलिस के मुताबिक दीपक शनिवार रात घर से निकले था। तब उन्होंने टी-शर्ट और बरमुडा ही पहना था। चंदन नगर पुलिस ने घटना की जानकारी पलासिया थाना और परिजनों को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट में ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। बताया जाता है कि दीपक गुप्ता कल सुबह घर से बिना बताए बरमुंडा और टी-शर्ट में गाड़ी लेकर घर से निकले थे। इसके बाद परिजनों को चंदन नगर पुलिस ने शव मिलने पर रात में सूचना दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# घर में घुसकर महिला पर तलवार से हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **आजाद नगर इलाके में एक महिला की हत्या का प्रयास करते हुए दो आरोपियों ने घर में घुसकर तलवार से हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपियों पर जानलेवा हमले की धारा में केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार संतोषी बामनिया पति अशोक बामनियना (45 ) नि.इदरिश नगर मुसाखेड़ी की रिपोर्ट पर क्षेत्र में रहने वाले कान्हा और विशाल के खिलाफ केस दर्ज किया है। संतोष्र्ी ने पुलिस को बताया कि मैं बंगलो पर झाडू पोछे की काम करती हूं। रविवार की शाम करीब 5 बजे के लगभग की बात होगी मै मेरे घर के बाहर देहलीज पर खडी थी सब्जी ले रही थी, तभी मेरी सोतन सोनू के लडके कान्हा और विशाल आये, जिसमे कान्हा हाथ मे तलवार लिये था, विशाल बोला इसने हमारा घर बर्बाद किया है इसको आज जान से ही खत्म कर देंगे। विशाल ने मुझे पकड लिया और कान्हा अपने हाथ मे लिये तलवार से मुझे जान से मारने की नियत से मेरे ऊपर 4 वार किये जिससे मेरी पीठ में कंधे के पास व दोनो हाथो मे चोटे आई है। इस दौरान आसपास के लोग जमा हुए तो दोनों भाग निकले।

## अजगर ने किया बकरी का शिकार

**इंदौर।** महू तहसील में आने वाली कालाकुंड पंचायत में एक अजगर ने बकरी का शिकार किया जिसका वीडियो सामने आया है। घटना शनिवार शाम की बताई जा रही है। यहां कालाकुंड के एक गांव में अजगर ने बकरी का शिकार कर उसे पूरी तरह लपेट लिया और बकरी की गर्दन टूट गई। तभी यहां से निकल रहे ग्रामीणों की नजर अजगर पर पड़ी तो ग्रामीणों ने अजगर को पकड़ लिया और उसे रस्सी से बांधकर बकरी को उसके चंगुल से बाहर निकाला लेकिन जब तक बकरी की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने बताया कि अजगर रेंग नहीं पा रहा था और सुस्त पड़ा हुआ था। जिसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई मौके पर वन विभाग के कर्मचारी पहुंचे और अजगर को जंगल में छोड़ा है।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्रा ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।